प्रियम बुधिया को इंटरनेशनल अवॉर्ड

जल संरक्षण परियोजना के लिए मिला खिताब

सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता: इंट्राप्रेन्योर प्रियम बुधिया ने एफबीएन नेक्स्ट जेन लोंबार्ड ओडियर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड 2020 जीता है। वह अपनी जल संरक्षण परियोजनाओं के लिए नामांकित हुई थीं। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार में 26 से अधिक देशों के प्रतिभागी शामिल थे। प्रियम बुधिया के इस अवॉर्ड के मिलने से लोगों में काफी खुशी है। साथ ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

प्रियम बुधिया

1989 में स्थापित और स्विट्जरलैंड के लुसाने में स्थित, फैमिली बिजनेस नेटवर्क (एफबीएन) 65 देशों में फैले सदस्य संघों का एक संघ है। एफबीएन 4,000 कम्युनिटी को साथ लाता है, जिसमें 16,000 व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें से 6,400 अगली पीढ़ी के लोग हैं। नेक्स्ट जनरेशन कम्युनिटी युवा परिवार के सदस्यों को एक अवसर प्रदान करती है, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है।

पैटन समूह के बिजनेस डेवलपमेंट की अध्यक्ष, **प्रियम बुधिया** ने सस्टेनेबिलिटी वर्टिकल एम्ब्रेसिंग ग्रीन' लॉन्च किया, जो कि वाटर कंजर्वेशन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग व ग्राउंडवाटर रीचार्जिंग) और रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर रूफटॉप्स) पर केंद्रित है। उन्होंने वाटर-ऑन-व्हील्स विकसित करने वाले इनोवेशन वर्टिकल को भी लॉन्च किया। यह- एक अद्वितीय रोलर टैंक है जो कि ग्रामीण भारत की महिलाओं और बच्चों को सशक्त बना रहा है। उन्होंने कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में मदद करने के लिए, कॉन्टैक्टलेस सेफ हैंड वॉश स्टेशन, कॉन्टैक्टलेस वेस्ट डिब्बे और कॉन्टैक्टलेस क्रेट्स लॉन्च किए। प्रियम बुधिया कहती हैं कि जल संरक्षण अभी नहीं तो आखिर कब। इस परियोजना ने महिलाओं और बच्चों को व्यावसायिक और शैक्षणिक सीख के लिए सशक्त बनाया है, वहीं इसने महिलाओं के लिए सूक्ष्म व्यवसाय के अवसर भी खोले हैं।

PATTON®